an>

Title: Regarding publishing wrong information on wikileaks about Smt. Anju Bala, Member of Parliament.

श्रीमती अंजू बाला (मिश्रिख) : अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे इस सदन में अपनी ही व्यथा बताने का मौका दिया, उसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। आज मुझे यह प्रूफ देना पड़ रहा है कि मैं जिंदा हूं। 3 मार्च, 2016 को मुझे वेबसाइट पर डेथ घोषित कर दिया गया और मेरा डेथ प्लेस दिल्ली ही बताया गया है। यह वेबसाइट विकीपीडिया है, जिसने यह अपलोड किया और मुझे बताया कि मैं मर चुकी हूं।

मैडम, पांच और छः तारीख को जो दो दिन का प्रोग्राम आर्गनाइज्ड था, उसमें मैंने बेटी के लिए एक कविता बोली थी। वह कविता किसी को पसंद आयी, तो उन्होंने मुम्बई से मेरे पीए को फोन किया। वह खुद डरा हुआ था कि यह कब पोलिटिक्स में आयीं और कब एक्सपायर हो गयीं। उसने मेरे पीए से फोन करके पूछा कि यह कैसे हो गया? उसने यह भी पूछा कि आज लोक सभा चैनल पर जो दिखा रहे हैं, वह क्या पहले की रिकार्डिंग है, तो मेरे पीए ने कहा कि यह लाइव है, शायद एक घंटे पहले की रिकार्डिंग है। अब इसे लोक सभा चैनल पर दिखा रहे हैं। उस समय तक मैं भी वापस आ गयी थी क्योंकि मुझे लखनऊ वापस जाना था। जब मैं आयी तब मेरे पीए ने कहा कि आपसे कोई मुम्बई से बात करना चाहता है। मैंने जब उनसे बात की, तो उन्होंने मुझे बताया कि मैडम, आपके बारे में वेबसाइट में अपलोड है कि 3 मार्च, 2016 को आप एक्सपायर हो गयी हैं और आपका डेथ प्लेस दिल्ली है। उन्होंने मुझे चरित्रहीन भी साबित करने की कोशिश की। मुझे लग रहा है कि आज के युग में, पहले सीता जी को पवित्रता का प्रमाण देना पड़ा था, वैसे ही मुझे भी पूरे हिन्दुस्तान के सामने यह प्रमाण देना पड़ रहा है कि मेरे दो पति न होकर एक पति है। उसमें मेरे हसबैंड के बारे में भी कहा गया था। अब मेरे हसबैंड के ही दोनों नाम हैं--सतीश वर्मा उर्फ कृष्ण कुमार सिंह। उन्होंने उसमें यह लिखा कि वर्ष 2001 से 2010 तक मैं कृष्ण कुमार सिंह के साथ रहीं और एक साल का लीप करके वर्ष 2011 से 2016 तक मैं सतीश वर्मा के साथ रहीं।

मैडम, मेरी शादी 26 जनवरी, 2008 को जम्मू में हरि पैलेस में हुई थी और उत्तर प्रदेश से विधायक सतीश वर्मा उर्फ कृष्ण कुमार सिंह की बारात आयी थी। मैं यह बताना चाहती हूं कि इस तरह से जो वेबसाइट चलती हैं, जो सोशल मीडिया है, यदि वे ऐसे कार्य करेंगे तो उन्हें कब सजा मिलेगी? क्या इनके खिलाफ कोई कार्रवाई होगी? ...(व्यवधान) अगर वह घर बैठे मुझे बदनाम कर सकते हैं, तो क्या

दूसरी महिलाएं सुरक्षित हैं? इसलिए मुझे यह बताना पड़ा। आप उस पर कार्रवाई करेंगी। पूरे हिन्दुस्तान में जिस-जिस ने उसे पढ़ा होगा, वह मेरे बारे में यह सोच रहा होगा कि क्या मैं इस टाइप की हूं? उसमें मेरे बारे में और भी अभद्रता लिखी है। मैं पूछना चाहती हूं कि वह मेरे बारे में क्या जानता है और कैसे उन्होंने उसमें अपलोड कर दिया?

मैडम, मैं आपसे यही कहना चाहती हूं कि ऐसी वेबसाइट पर, ऐसी सोशल मीडिया पर सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, उन्हें सजा मिलनी चाहिए और जिन्होंने मेरे खिलाफ लिखा है, उन पर एफआईआर दर्ज होनी चाहिए।

मैडम, मुझे एक शक और है, क्योंकि मैं डिस्ट्रिक्ट हरदोई की रहने वाली हूं, जहां मेरी शादी हुई है। मैं बता नहीं सकती कि वहां फेसबुक पर कुछ पोस्टर्स अलग तरीके से लांच किये गये हैं, जिसे कल मुझे व्हाट्सऐप पर किसी ने भेजा है। मैं चाहती हूं कि आप उसे खुद देखें। उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज हो और उन्हें सजा मिले। धन्यवाद।

13.00 hours

माननीय अध्यक्ष: श्री दुष्यंत चौटाला, श्री धर्मवीर सिंह, श्रीमती रमा देवी, श्री भैरों प्रसाद मिश्र, श्री पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री देवेन्द्र सिंह भोले, श्री रवीन्द्र कुमार जेना, श्री अरविंद सावंत श्री केशव प्रसाद मौर्य और श्री रामचरण बोहरा को श्रीमती अंजू बाला द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

â€¦(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : पूरा सदन आपके साथ है। अंजु बाला जी ने मुझे पूरी बात बताई और अभी सदन में बात उठाई। यह वास्तव में सही नहीं है। कल ही महिला दिवस था। किसी भी महिला के असम्मान में इस तरह की बात नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मुझे बताया है।

â€¦(व्यवधान)

HON. SPEAKER: What will the Minister say in this?

...(*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Yes, Mr. Minister, do you want to say something?

...(*Interruptions*)

THE MINISTER OF LAW AND JUSTICE (SHRI D.V. SADANANDA GOWDA): Madam Speaker, certainly it is a very serious matter. The matter has been brought before the House and it has been brought to the knowledge of the Government also. ...(*Interruptions*) Certainly we will look into the matter and certainly we will take serious action as far as possible. ...(*Interruptions*)